दिन–शुक्रवार दिनांक– 27 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम पश्चिम एशिया संघर्ष पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे और राज्यों की तैयारियों तथा योजनाओं की समीक्षा करेंगे। आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया था। श्री मोदी ने कहा था कि सरकार पेट्रोल, डीजल, तेल, गैस और उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है।

————————————————————————————

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत में लॉकडाउन की अफवाह फैलाई जा रही है। वह पूरी तरह से गलत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। श्री पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि वैश्विक स्थिति में लगातार बदलाव हो रहे हैं, ऐसे में सरकार ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखलाओं और आवश्यक वस्तुओं पर वास्तविक समय के आधार पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नागरिकों के लिए ईंधन, ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण आपूर्तियों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी।

———————————————————————————————————

रामनवमी का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए रात्रि दो बजे से पट खोल दिये गये है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने देर रात मंदिर में पूजा–अर्चना की। पटना के राजवंशी नगर स्थित हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। रामनवमी पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में शोभा यात्राएं भी निकाली जा रही हैं। राजधानी पटना में शाम साढ़े पांच बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बताया कि डाकबंगला चौराहा से शोभायात्रा की शुरूआत होगी, जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और विभिन्न राज्यों के कलाकार भी शामिल होंगे। इधर, रामनवमी को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

———————————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। इधर, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल– सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई दी है।

———————————————————————————————————

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना हो रही है। मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें लगी हुई है। कई जगहों पर सामूहिक कन्या पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————————————

प्रदेश मेंपश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में एक बार फिर परिवर्तन आया है। किशनगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य के कुछ हिस्सों में धूलभरी आंधी चलने के साथ–साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। साथ ही पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो ने मधुबनी जिले के खदौली प्रखंड की शिक्षिका वीणा कुमारी का सीपीईडी अंक पत्र जांच के दौरान फर्जी पाये जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराई है। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार आठ में वीणा को प्रखंड शिक्षिका के रूप में नियुक्त किया गया था।

———————————————————————————

समाप्त